प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- लोकसभा में विकसित भारत–जी राम जी विधेयक 2025 पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज चर्चा का दे रहे हैं जवाब, झारखंड में इस बिल को मिल रहा है व्यापक समर्थन।
- राज्य सरकार ने झारखंड आंदोलन में भूमिका निभाने वाले साढ़े आठ हजार से ज्यादा आंदोलनकारियों को किया चिन्हित। सम्मान, पेंशन और सरकारी नौकरियों में मिलेगा विशेष लाभ।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में सभी राज्यो के स्वास्थ्यमंत्रियों के साथ करेंगे बैठक, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा– स्वास्थ्य सुधार की दिशा में होगा गहन मंथन।
- रेलवे ने आज से 100 ट्रेनों में तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित सत्यापन प्रणाली लागू की, टाटानगर की चार ट्रेनें भी इसमें शामिल।
- एनसीसी निदेशालय बिहार और झारखंड की ओर से वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन की हुई शुरुआत, विभिन्न जिलों से रांची के लिए रवाना हुए एनसीसी कैडेट्स।

**********************

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज लोकसभा में विकसित भारत– रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण की गारंटी : विकसित भारत – ग्राम कल्याण विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब दे रहे हैं। श्री चौहान ने नये विधेयक की खूबियां गिनाते हुए कहा कि यह विधेयक गांवों में विकास को सुनिश्चित करेगा।

**********************

विकसित भारत– जी–राम–जी विधेयक में सौ की बजाय 125 दिन रोजगार गारंटी का प्रस्ताव है। यह मनरेगा का स्थान लेगा। झारखंड में इस बिल का व्यापक स्वागत हुआ है। लोगों ने इसे क्रांतिकारी कदम बताया है।

**********************

राज्य सरकार ने झारखंड राज्य निर्माण आंदोलन में भूमिका निभाने वाले 8 हजार 659 आंदोलनकारियों को चिन्हित किया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस सिलसिले में एक संकल्प जारी किया है। यह सूची 38वीं संपुष्ट सूची के रूप में जारी की गई है, जिसमें झारखंड के सभी 24 जिलों के आंदोलनकारी शामिल हैं। इस संकल्प के तहत आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए सम्मान, पेंशन और सरकारी नौकरी में विशेष लाभ सुनिश्चित किए गए हैं। चिन्हित आंदोलनकारियों को उनके जीवनकाल तक और उनकी मृत्यु के बाद उनके एक आश्रित को भी जीवनकाल तक सम्मान पेंशन निश्चित रूप से दी जाएगी।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक की जानकारी देते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने बताया कि वे प्रधानमंत्री के समक्ष राज्य की ओर से प्रजेंटेशन देंगे।

**********************

रेलवे ने आज से 100 ट्रेनों में तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित सत्यापन प्रणाली लागू की है। इसमें टाटानगर की चार ट्रेनेंकृआजाद हिंद, हावड़ा–मुंबई मेल, हावड़ा–अहमदाबाद और क्रियायोग एक्सप्रेस शामिल हैं। अब काउंटर पर ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद ही तत्काल टिकट जारी होगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*********************

जमशेदपुर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रति भारी उत्साह देखा जा रहा है। जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा सहित कई लोग इसका लाभ उठा रहे हैं, जिससे उनका बिजली बिल शून्य हो गया है। वे कहते हैं कि वेंडरों द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों और ऑन–सपॉट रजिस्ट्रेशन से योजना का तेजी से विस्तार हो रहा है।

*********************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने पैरा मेडिकल स्टाफ के 53 पदों पर भर्ती निकाली है। इसमें नर्स, फार्मासिस्ट और टेक्नीशियन जैसे पद शामिल हैं। योग्य उम्मीदवार 8 जनवरी से 7 फरवरी 2025 तक जेएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। सुधार के लिए 10–13 फरवरी तक करेक्शन विंडो खुलेगा।

*********************

गिरिडीह जिले में बालू के अभाव में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

*********************

रांची रेलवे स्टेशन पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान आरपीएफ पोस्ट और फ्लाइंग टीम ने ट्रेन संख्या एक पांच शून्य दो सात मौर्य एक्सप्रेस से 14 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इसकी अनुमानित कीमत 7 लाख रुपए बतायी गयी है। मामले में एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

*********************

आज सुबह के कारोबार के दौरान घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली बढ़त देखी गई। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 48 अंक बढ़कर 84 हजार 608 पर और निफ्टी 33 अंक बढ़कर 25 हजार 852 पर पहुंच गया।

*********************

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 24 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी दो लाख आठ हजार रूपये प्रतिकिलो है।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में ठंड के साथ–साथ कोहरे का भी प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज भी पांच जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग और लातेहार में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। इधर, घने कोहरे के कारण हवाई सेवा भी प्रभावित हुई है।

*********************

एनसीसी निदेशालय बिहार और झारखंड की ओर से वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन की शुरुआत की गयी है। आदिवासी नेता वीर बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाला यह एक प्रमुख साइकिलिंग कार्यक्रम है। इस कड़ी में गुमला के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से आज छह एनसीसी कैडेट्स को साइकिल से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। कर्नल पी.वी. शर्मा के नेतृत्व में यह दल 20 दिसंबर को रांची पहुंचेगा और फिर 28 दिसंबर को दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगा। इस कार्यक्रम को लेकर एनसीसी कैडेट्स में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

***************